भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
17.07.2019 के
तारांकित प्रश्न सं. 356 का उत्तर

कन्जनगड़-पनाथुर-कनियुर हिल रेल लाइन

*356. श्री राजमोहन उन्नीथनः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 'कन्जनगड़-पनाथुर-कनियुर हिल रेलवे लाइन (उत्तर केरल) की वर्तमान स्थिति और इसकी अनुमानित लागत तथा वास्तविक समापन लक्ष्य क्या है;

(ख) क्या उक्त रेल लाइन को वर्ष 2007 के बजट में स्वीकृति मिल गई थी और उसका सर्वेक्षण का कार्य 2015 में पूरा हो गया था;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस संबंध में यथा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार उक्त रेल लाइन को पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

कन्जनगड़-पनाथुर-कनियुर हिल रेल लाइन के संबंध में दिनांक 17.07.2019 को लोक सभा में श्री राजमोहन उन्नीथन के तारांकित प्रश्न सं.356 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (घ): कान्हनगड-पनाथुर-कनियुरू नई लाइन (90.50 कि.मी.) के लिए सर्वेक्षण वित्त वर्ष 2014-15 में स्वीकृत किया गया था। इस प्रस्तावित नई लाइन का फील्ड सर्वेक्षण पूरा हो गया है। इस परियोजना का 50 कि.मी. का संरेखण केरल में आता है और शेष 40.50 कि.मी. कर्नाटक में पड़ता है। इस संबंध में फील्ड यूनिट द्वारा एकत्रित किए गए आंकड़ों का सत्यापन किया गया है और प्रस्तावित नई लाइन के यार्ड डायाग्राम तैयार कर दिए गए हैं। तदनुसार, प्रस्तावित नई लाइन की सर्वेक्षण रिपोर्ट, अनुमान एवं नक्शों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस प्रस्ताव पर अगला विचार सर्वेक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही संभव होगा और तत्संबंधी परिणाम मिलेंगे।

*****